Regarding establishment establishment of Atal Tinkering Labs (ATL) in every block of Samastipur Parliamentary Constituency

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर):** सभापति महोदया, सबसे पहले मैं बिहार की बेटी होने के नाते हम आपको और इस पूरे सदन को बिहार की अकल्पनीय और ऐतिहासिक जीत की बधाई देती हूं । बिहार ने पूरे देश में यह स्थापित कर दिया है कि झूठ और नफरत की राजनीति पर विकास की राजनीति हमेशा भारी पड़ती है ।

सभापति महोदया, आज का विषय बिहार के भविष्य से जुड़ा हुआ है । नीति आयोग ने अटल इनोवेशन मिशन के तहत पूरे देश में 10 हजार अटल टिंकरिंग लैब्स बना कर शिक्षा के केन्द्र में एक नई क्रांति लाने का आह्वान किया है । इसमें जो सबसे सराहनीय पहल है कि 5692 अटल टिंकरिंग लैब ग्रामीण क्षेत्र में है, एक महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते हम हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार व्यक्त करेंगे कि 2025-26 के बजट में उन्होंने पचास हजार ऐसे ही अटल टिंकरिंग लैब्स खोलने की घोषणा की है । मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगी कि बिहार ज्ञान की धरती है, वह अभी भी इस विषय में कहीं न कहीं पिछड़ रहा है । आंकड़ों के हिसाब से बिहार में 97 लैब्स हैं जो वहां की विशाल छात्र आबादी के लिए अन्याय है । वहां के जितने भी सरकारी स्कूल के बच्चे हैं, उनकी आंखों में सपने तो हैं लेकिन संसाधन नहीं है ।

समस्तीपुर लोक सभा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भी है, वहां की अधिकतर आबादी ग्रामीण है । ऐसे में समस्तीपुर लोक सभा के हरेक प्रखंड में एक अटल टिंकरिग लैब का निर्माण हो जिससे वहां के गरीब बच्चे, वंचित बच्चे और ग्रामीण बच्चे हैं, उनको भी इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ने का समान अधिकार मिले । बहुत-बहुत धन्यवाद, जय हिन्द, जय बिहार ।